Rediffusion/Edelman

**Publication:** Veer Arjun
**Date:** 20/11/13
**Edition:** New Delhi
**Page No:** 2
**Headline:** Apratim and Naman became 'Smart Tech Wizards'

# अप्रतिम व नमन बने स्मार्ट टेक विजाड्र्स 2013 के विजेता

नई दिल्ली, (वीअ)। शहर के विभिन्न स्कूलों के 1200 से अधिक छात्रों ने डोगरा हॉल, इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी (आईआईटी), नई दिल्ली में आयोजित टीसीएस आईटी विज में हिस्सा लिया। टीसीएस आईटी विज-देश के सबसे बड़े अंतरविद्यालय आईटी क्विज का आयोजन अग्रणी आईटी सर्विसेज, कंसल्टिंग और बिजनेस साल्यूशंस फर्म टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा किया गया था।नई दिल्ली संस्करण के रीजनल फाइनल्स में बेहद कड़ा और दिलचस्प मुकाबला देखा गया। इसमें माडर्न पब्लिक स्कूल, बाराखंबा रोड के अप्रतिम चंद्र सिंह और नमन धानुका ने अपने करीबी प्रतिद्वंद्वी दिल्ली पब्लिक स्कूल, नोएडा के अभिजय गुप्ता और समर्थ वहल को हराया। विजेताओं को आइपैड प्रदान किया गया जबकि रनर्स अप को ग्लैक्सी टैबलेट दिया गया। विजेता जोड़ी स्मार्ट टेक विजाड्र्स 2013 का खिताब जीतने के लिए मेगा फाइनल्स में नई दिल्ली का प्रतिनिधित्व करेगी।पुरस्कारों का वितरम देवाशीष घोष, प्रेसिडेंट-मैन्युफैक्चरिंग, लाइफसाइंसेज एंड एनर्जी एवं टीसीएस उत्तर भारत के प्रमुख तथा तेज भाटला, वाइस प्रेसिडेंट एवं टीसीएस दिल्ली के उपप्रमुख और डॉ. एके चावला, टीसीएस के उत्तर भारत के एचआर प्रमुख द्वारा किया गया।सोशल मीडिया आउटरीच प्रोग्राम के एक हिस्से के रूप में रियल-टाइम में छात्रों को संलग्न करने के लिए एक संवादपरक ट्विटर कांटेस्ट का आयोगन भी क्विज के दौरान किया गया। रीजनल फाइल्स के दौरान 4516 लाइव ट्विट्स दर्ज किए गए। इस वर्ष टीसीएस आईटी विज, स्मार्ट टेक विजार्ड की तलाश का आयोजन देशव्यापी स्तर पर 14 स्थानों–अहमदाबाद, बेंगलुरु, भुवनेश्वव, चेन्नई, कोयम्बटूर, नई दिल्ली, हैदराबाद, इंदरौ, मुंबई, कोलकाता, लखनऊ, कोच्चि, नागपुर एवं पुणे में किया जाएगा। विजेता का खिताब जीतने के लिए यूएई संस्करण के विजेता भी इस मेगा फाइनल्स में भिड़ेंगे। टीसीएस आईटी विज का प्रारूप : लिखित परीक्षा में आयोजन स्थल पर मौजूद सभी टीमों के लिए 20 प्रश्न थे। ये सवाल मौखिक, दृश्य और दृश्य श्रव्य रूप में थे। लिखित परीक्षा में चुनी गई सर्वश्रेष्ठ 6 टीम रीजनल फाइनल परीक्षा में शामिल हुई।